मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-468
17/09/2021

# मुख्यमंत्री ने महाटीकाकरण अभियान 2.0 का किया शुभारंभ, पी0एस0ए0 प्लांट का भी किया लोकार्पण

पटना, 17 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज कंकड़बाग स्थित पाटलीपुत्र स्पोर्टस कॉम्पेलक्स में महाटीकाकरण अभियान 2.0 का शुभारंभ किया। रिमोट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने 70 पी0एस0ए0 ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया गया है। आज 30 लाख से ज्यादा लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग को आज के इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए विशेष तौर पर बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के मौके पर इस अच्छे काम के द्वारा हमलोग उन्हें विशेष सम्मान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड टीकाकरण की शुरुआत देश भर में 16 जनवरी 2021 को किया गया। प्रथम चरण में हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंटलाइन वर्कर का टीकाकरण का काम प्रारंभ किया गया। 01 मार्च से द्वितीय चरण में 60 वर्ष या उससे ऊपर के लोगों तथा 45 वर्ष से ऊपर के गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों का तथा 1 अप्रैल से सभी 45 वर्ष से ऊपर के लोगों का टीकाकरण कार्य शुरु किया गया। 09 मई से सभी 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को टीकाकरण अभियान में शामिल किया गया। शुरु में यह तय किया गया था कि 18 से 44 वर्ष लोगों के टीकाकरण के लिए राज्य सरकार को अपने खर्च पर टीके की व्यवस्था करनी होगी। हमलोगों ने इसका भी प्रबंध शुरु किया था लेकिन बाद में केंद्र सरकार ने निर्णय किया कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों का टीकाकरण भी मुफ्त करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराने के लिये केन्द्र को धन्यवाद देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए '6 माह 6 करोड़' अभियान की शुरुआत 21 जून 2021 को की गयी। उन्होंने कहा कि 16 सितंबर 2021 तक हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंटलाइन वर्कर को टीकाकरण का 10 लाख 69 हजार 380 प्रथम डोज एवं 8 लाख 87 हजार 69 दूसरा डोज यानि कुल 19 लाख 66 हजार 459 टीका लगाया जा चुका है। 45 वर्ष से 59 वर्ष तक के लोगों को 85 लाख 4 हजार 588 प्रथम डोज एवं 24 लाख 50 हजार 291 दूसरा डोज यानि कुल 1 करोड़ 9 लाख 54 हजार 859 टीका लगाया जा चुका है। 60 वर्ष एवं उससे ऊपर आयु वर्ग के लोगों को 64 लाख 68 हजार 35 प्रथम डोज एवं 23 लाख 17 हजार 853 दूसरा डोज यानि कुल 87 लाख 85 हजार 888 टीका लगाया जा चुका है। 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के लोगों को 2 करोड़ 20 लाख 31 हजार 707 प्रथम डोज एवं 26 लाख 38 हजार 481 दूसरा डोज यानि कुल 2 करोड़ 46 लाख 70 हजार 188 टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 16 सितंबर 2021 तक कुल 4 करोड़ 63 लाख 77 हजार 414 टीके लोगों को लगाए जा चुके हैं। हम प्रतिदिन एक–एक चीज की जानकारी लेते हैं और समुचित कार्य का निर्देश भी देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में बहुत हद तक टीकाकरण हो चुका है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीकाकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बिहार में कोरोना का ग्राफ घट रहा है।

कोरोना जॉच के लिये हमने दो लाख से ज्यादा का लक्ष्य रखा है। इस काम में स्वास्थ्य विभाग के लोग लगे हुये हैं। हम बड़ी आबादी होते हुए भी देश में कोरोना संक्रमितों के मामले में बहुत नीचे हैं। हमारे यहां प्रतिदिन एक्टिव मरीजों की संख्या बहुत कम है। हम काम में ज्यादा विश्वास करते हैं, प्रचार–प्रसार में नहीं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। टीकाकरण कोरोना से मुक्ति का कारगर उपाय है। हमें पूरा भरोसा है कि 6 माह में 6 करोड़ टीकाकारण का जो लक्ष्य रखा गया है, उससे ज्यादा टीकाकरण कराएंगे। उन्होंने कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर से हम सभी को सतर्क रहना है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी कोरोना जॉच एवं टीकाकरण की व्यवस्था करवाई गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर हमलोगों ने 30 लाख से अधिक टीककारण का लक्ष्य रखा है। आज विश्वकर्मा पूजा भी है, मैं सभी को विश्वकर्मा पूजा की बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि 122 अस्पतालों में पी0एस0ए0 ऑक्सीजन जेनेरेशन प्लांट बनाने का काम शुरू किया गया है। उनमें से आज 70 जगहों पर पी0एस0ए0 प्लांट लोकार्पित किया जा रहा है। इसके अलावा दो और प्लांट भी तैयार हो गये हैं इसलिये उन्हें 72 मान लीजिये। इन 70 पी0एस0ए0 प्लांट में 38 पी0एम0 केयर फंड से बनाये गये हैं, जबकि 32 का राज्य सरकार द्वारा निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि 10 मेडिकल कॉलेजों में क्रायोजेनिक ऑक्सीजन टैंक के लिए काम किया जा रहा है, जिसमें 4 मेडिकल अस्पताल– पी0एम0सी0एच0, आई0जी0आई0एम0एस0, एन0एम0सी0एच0 एवं मेडिकल कॉलेज नालंदा में इसकी शुरुआत कर दी गई है। बाकी जगहों दरभंगा, बेतिया, भागलपुर, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर एवं गया के मेडिकल कॉलेजों में जल्द ही इसकी शुरुआत कर दी जाएगी। जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पी0एस0ए0 ऑक्सीजन जेनेरेशन प्लांट्स लगाये जा रहे हैं, इससे सिर्फ कोरोना ही नहीं बल्कि अन्य बीमारियों में भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की दो स्टाफ नर्स श्रीमती रेंजु कुमारी, श्रीमती वंदना कुमारी को राष्ट्रपति द्वारा फ्लोरेंस नाइटएंग्ल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हमलोग भी आज उन्हें सम्मानित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर से बचाव के लिये सभी तरह की व्यवस्था की जा रही है। लोगों को सचेत रहना है। सभी की सक्रियता से कोरोना संक्रमण से बचाव में फायदा होगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई बेहतर कार्य किए गए हैं। पहले स्वास्थ्य विभाग का क्या हाल था ? 24 नवंबर 2005 से जब हमलोगों को काम करने मौका मिला तो स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई कदम उठाए गए। हमने सभी चीजों की व्यवस्था की, डॉक्टरों की व्यवस्था की गयी, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी। उन्होंने कहा कि लोगों को हर घर नल का जल योजना के माध्यम से स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। हर घर में शौचालय का निर्माण कराया गया। अगर लोगों को शुद्ध पेयजल एवं बाहर में शौच से मुक्ति मिल जाए तो होने वाली 90 प्रतिशत बीमारियों से छुटकारा मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी की रोकथाम के लिये भी स्वास्थ्य विभाग पूरी तत्परता से काम कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जितने काम हुये हैं, इनकी चर्चा भविष्य में जरूर होगी।

कार्यक्रम की शुरुआत के पहले मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर व्हाइट बोर्ड पर 'माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनायें' लिखकर बधाई दी। मुख्यमंत्री ने टीकाकरण केन्द्र का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री का स्वागत स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने पौधा भेंटकर किया।

कार्यक्रम को स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डे, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने भी संबोधित किया।

राष्ट्रपति द्वारा फ्लोरेंस नाइटएंग्ल पुरस्कार से सम्मानित बिहार की दो नर्स– श्रीमती रेंजु कुमारी एवं श्रीमती वंदना कुमारी को मुख्यमंत्री ने चेक एवं प्रशस्ति–पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सूचना एवं जन–संपर्क विभाग के सचिव श्री अनुपम कुमार, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक श्री संजय कुमार सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक निदेशक श्री अनिमेश कुमार पराशर, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेंद्र शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आदरणीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर 30 लाख से ज्यादा टीकाकरण कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तत्परता से काम कर रहा है, मैं स्वास्थ्य विभाग को इसके लिये विशेष तौर पर बधाई देता हूं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण के काम तेजी से किये जा रहे हैं। टीकाकरण के प्रति लोगों को जागृत भी किया जा रहा है। कोरोना से बचाव के प्रति लोगों को सचेत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी को उनके जन्मदिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

******